OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR

Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)

Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

E-mail: hegtdcano@mp.gov.in 9893076404

Covid Awareness Campaign

Jaithari Road Anuppur, District- Anuppur, Madhya Pradesh, Pin Code:- 484224 www.gtcanuppur.ac.in

OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR
Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)
Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

E-mail: hegtdcano@mp.gov.in ☎9893076404

टीका महोत्सव तुलसी महाविद्यालय के प्राचार्य ने विशेष कोविड जागरूकता वाहन को रवाना किया

अनूपपुर (ब्यूरो) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 11 अप्रैल से 14 अप्रैल 2021 तक शुरू किए गए ''टीका महोत्सव'' के तारतम्य में यहां शासकीय तुलसी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ''टीका उत्सव'' के तहत एक जनजागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. परमानंद तिवारी ने कहा कि कोरोना संक्रमण का पुनः प्रसार बहुत तेजी से हो रहा है और बचाव ही इससे सुरक्षा का उपाय है। प्राचार्य डॉ. परमानंद तिवारी ने कहा कि स्वयंसेवकों की जिम्मेदारी है कि कोरोना के वैक्सीन के सम्बंध में आमजन को जागरूक करें तथा टीका लगवाने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर प्राचार्य ने महाविद्यालय परिसर से एक विशेष कोविड जागरूकता वाहन को रवाना किया, जिसमें दो स्वयंसेवक रोहित एवं पुरुषोत्तम एवं डॉ. आशीष गुप्ता के साथ कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान प्रकाश पाण्डेय उपस्थित रहे। इस वाहन में लगे विभिन्न पोस्टर, स्लोगन, बैनर एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया।

यह दल इंदिरा तिराहा, अमरकंटक तिराहा, चंदास नदी, बिजली ऑफिस, सामतपुर तालाब के रास्ते कलेक्ट्रेट परिसर तक गया एवं बस स्टैंड से होते हुए महाविद्यालय पहुंच कर जनजागरण यात्रा के रूप में परिणित हो गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जे.के. संत, डॉ. गीतेश्वरी पाण्डेय, प्रीति वैश्य, शाहबाज खान, विनोद कुमार कोल, डॉ. तरन्नुम सरवत, डॉ. देवेंद्र तिवारी, संतोष सिंह एवं अन्य सदस्यों ने टीकारण कार्यक्रम को प्रभावी बनाने में अपनी भूमिका का निर्वहन किया।

वैश्विक संकटकाल में जरूरतमंदों की करें हरसंभव मददः डॉ. परमानन्द तिवारी

आर्यावर्त संवाददाता अविनाश दुबे

अनूपपुर। जिले के अग्रणी शासकीय तुलसी महाविद्यालय के प्राचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ परमानन्द तिवारी ने अपने जन्मदिन (5 मई) के अवसर पर अनूपपुर जिला आपदा राहत कोष में 11 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान करते हुए उक्त बातें कहीं। डॉ. तिवारी ने कहा कि वर्तमान संकट अभूतपूर्व है और समूचा विश्व इसकी चपेट में है। ऐसे में जो समर्थ और सक्षम हैं उन्हें आगे आना चाहिए जिससे गरीबों और बेसहारों का कल्याण हो सके। उन्होंने इस अवसर पर जिले के समस्त प्राध्यापकों से आह्वान करते हुए कहा कि सभी अपने एक दिन का वेतन कोरोना से जारी लड़ाई के लिए अवश्य दें, इससे अन्य लोग भी ऐच्छिक सहयोग हेतु प्रेरित होंगे। डॉ. तिवारी के जन्मदिन पर प्रदेशभर से शुभचिंतकों ने शुभकामना संदेश प्रेषित किए।

जिलाध्यक्ष प्रेम जगवानी और नगर अध्यक्ष नीलेश मोर शामिल थे।

कोविड महामारी के विरूद्ध जारी लड़ाई में 'टीका महोत्सव' एक महत्वपूर्ण अभियान : डॉ. परमानन्द तिवारी

संवाददाता अविनाश दुबे

अनूपपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में 11 से 14 अप्रैल 2021 तक मनाए जा रहे 'टीका उत्सव' कार्यक्रम के तारतम्य में जिले के शासकीय अग्रणी तुलसी महाविद्यालय के प्राचार्य एवं जिला संगठक, राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. परमानन्द तिवारी ने स्वयं प्रथम चरण का टीका लगवाते हुए उक्त बातें कहीं। उन्होंने इस माध्यम से आम जनता को प्रेरित करते हुए कहा कि लोगों को टीका कार्यक्रम के बारे में किसी भी नकारात्मक बातों को नहीं मानना चाहिए और पूरे विश्वास के साथ इस कार्यक्रम में प्रशासन का सहयोग करना चाहिए। डॉ. तिवारी ने इस महत्त्वपूर्ण अभियान में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की भूमिका का भी उल्लेख करते हुए बताया कि रासेयो स्वयंसेवक निरन्तर आमजन को जागरूक कर रहे हैं तथा जो असमर्थ लोग हैं उन्हें टीकाकरण स्थल तक पहुंचाने में सहायता कर रहे हैं। उक्त जानकारी ज्ञान प्रकाश पाण्डेय, कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा दी गयी।

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppu
Distt. Anuppur (M.P.)